01-10-2020

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) ने युवाओं को विभिन्न तरह का कौशल प्रशिक्षण देकर भारी तथा प्रसंस्करण उद्योग में उनके रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए ऱाघोगढ़ (म.प्र) स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी दिसंबर में डिजिटल माध्यम से बैठक करेंगे।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में प्रतिरक्षा के क्षेत्र में नवाचार के विस्तार के लिए डिफेन्स इंडिया स्टॉर्टअप चेलेंज का शुभारंभ किया।

डॉ. हर्षवर्धन और संतोष कुमार गंगवार ने 'कोविड-19 उद्योग के लिए सुरक्षित कार्यस्थल दिशानिर्देश' पर पुस्तिका का विमोचन किया।

भारत की प्रमुख पनबिजली कंपनी तथा भारत सरकार का एक अनुसूचित 'ए' मिनी रत्न उपक्रम एनएचपीसी लिमिटेड ने वर्ष 2020-21 के लिए संपर्क विज्ञापन (डिटेलिंग) टार्गेट को लेकर बिजली मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।

पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) ने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान पीएफसी द्वारा अर्जित किए जाने वाले विभिन्न लक्ष्यों का विवरण देते हुए भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के साथ कार्य प्रदर्शन आधारित 'समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर किए।

आईआईएफएल वेल्थ हुरुन इंडिया की इस साल की सूची में भी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी लगातार 9वें साल सबसे अमीर आदमी बने रहे हैं, जिनकी कुल संपत्ति 6.58 लाख करोड़ रुपये है।

कुवैत के शहजादे शेख नवाफ अल अहमद अल सबाह को इस तेल समृद्ध देश के नये अमीर बने, वह दशकों तक देश की सुरक्षा सेवाओं में रहने के बाद देश के शीर्षतम पद पर पहुंचे हैं।

उत्तरप्रदेश सरकार कोविड मरीजों के बेहतर इलाज के लिए राज्य के हर जिले में एल2 स्तर के कोविड अस्पताल की स्थापना करेगी।

जाने माने फिल्म निर्माता शेखर कपूर को भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान सोसाएटी-एफ.टी.आई.आई. का अध्यक्ष और एफ.टी.आई.आई. शासी परिषद का प्रमुख बनाया गया है।

02-10-2020

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों के बीच नवाचार और उद्यम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एससी के लिए वेंचर कैपिटल फंड के तहत अंबेडकर सोशल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन मिशन(एएसआईआईएम) का शुभारंभ किया।

स्वदेशी बूस्टर और एयरफ्रेम सेक्शन के साथ ही कई अन्य 'मेड इन इंडिया' उप प्रणालियों से युक्त सतह से सतह तक मार करने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का ओडिशा में आईटीआर, बालासोर से निर्धारित रेंज के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री डी.वी. सदानंद गौड़ा ने आंध्र प्रदेश में किसानों के लिए उर्वरकों की उपलब्धता आसान बनाने के लिए प्वाइंट ऑफ़ सेल (पीओएस) सॉफ्टवेयर के नए संस्करण 3.1, एसएमएस सेवा और घर पर उर्वरक पहुंचाने की सुविधा के तहत ऋतु भरोसा केन्द्रलु (आरबीके) का शुभारंभ किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के 20 गाँवों के 200 प्रशिक्षित परिवारों के कुम्हार को विदूयत चालित चाक वितरित किए।

नीति आयोग और नयी दिल्ली में स्थित नीदरलैंड्स के दूतावास ने स्वच्छ और अधिक ऊर्जा को समायोजित करने को समर्थन देने के लिए 'डीकार्बोनाइजेशन एंड एनर्जी ट्रांजिशन एजेंडा' एक समझौते (एसओआई) पर हस्ताक्षर किए।

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के नए लोगो का शुभारंभ किया।

आठ कोर इंडस्ट्रीज का संयुक्त सूचकांक अगस्त में 117.6 पर रहा जिसमें अगस्त 2019 की तुलना में 8.5 % (अनंतिम) की गिरावट दर्ज की गई।

एनटीपीसी ने वित्तीय वर्ष 2020—21 के निर्धारित लक्ष्य समायोजन के लिए ऊर्जा मंत्रालय के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने ग्रामीण विकास के लिए सीएसआईआर प्रौद्योगिकियों का शुभारंभ किया है।

भारत और चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट आमने-सामने डटी सेना को सभी जगहों से हटाने के लिए दोनों देशों के विदेशमंत्रियों के बीच सहमति को ईमानदारी से लागू करने पर सहमत हो गए हैं।

03-10-2020

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को उत्तरकाशी जिले के डुंडा क्षेत्र के ग्राम चकोन धनारी में 25 लाख रुपये की लागत वाली 25 किलोवाट क्षमता की पिरूल (चीड की सूखी पत्तियां) से विद्युत उत्पादन की पहली परियोजना का लोकार्पण किया।

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) पर एक पुस्तिका जारी की, जो योजना के बारे में लाभार्थियों और अन्य पक्षों को जरूरी जानकारी उपलब्ध कराएगी।

स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी गेर्राड जोसेफ प्लेटेरो रोड्रिग्स पर कोर्टसाइडिंग में लिप्त पाये जाने के कारण चार साल के लिये प्रतिबंधित कर दिया गया है और उन पर 15,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है, वह पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर इस तरह के आरोप लगे हैं।

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, बैंकों के गैर-खाद्य ऋण (नॉन फूड बैंक क्रेडिट) की वृद्धि दर इस साल अगस्त में कम होकर छह प्रतिशत पर आ गयी।

केशुभाई पटेल को एक और वर्ष के लिए दोबारा श्री सोमनाथ न्यास का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

अमेरिका की निजी इक्विटी कंपनी सिल्वर लेक पार्टनर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई में 1,875 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी।

पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध पर चीनी सेना के साथ छह दौर की वार्ता का नेतृत्व करने वाले लेह स्थित 14 वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह को प्रतिष्ठित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

हिंदू मुन्नानी के संस्थापक संयोजक रामागोपालन का कोविड-19 से संक्रमित पाये जाने के बाद चेन्नई में निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे।

फ्रांस की अंतरिक्ष एजेंसी सीएनईएस ने कहा कि इसरो 2025 में शुक्र ग्रह से संबंधित अपने मिशन को अंजाम देगा और फ्रांस इसमें शामिल होगा।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने कोरोना वायरस महामारी के कारण इस साल की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप रद्द कर दी जिससे यह सत्र बिना किसी प्रतिस्पर्धा के ही समाप्त हो गया।

धनलक्ष्मी बैंक के शेयरधारकों ने प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुनील गुरबक्शानी को पदभार संभालने के सात महीने से भी कम समय में बाहर कर दिया।

04-10-2020

गांधी जयंती के अवसर पर, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीपद येसो नाइक ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पुणे, महाराष्ट्र में गोहेबुद्रुक के एक जनजातीय गांव में नेचुरोपैथी अस्पताल का उद्घाटन किया।

नयी दिल्ली में स्थित भारत सरकार के न्याय विभाग (जैसलमेर हाउस) ने दो अक्टूबर 2020 को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर "श्रमदान" अभियान का आयोजन किया गया।

स्वदेशी रूप से निर्मित्त लेजर गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) का लंबी रेंज पर स्थित एक टारगेट को भेदते हुए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

मेजर जनरल सोनाली घोषाल ने अतिरिक्त महानिदेशक सैन्य नर्सिंग सेवा का कार्यभार ग्रहण किया

एयर मार्शल विक्रम सिंह ने भारतीय वायुसेना के पश्चिमी कमान मुख्यालय के वरिष्ठं एयर स्टाफ अधिकारी का पदभार संभाला।

एयर मार्शल आर जे डकवर्थ ने भारतीय वायुसेना मुख्यालय वायु भवन में कार्मिक प्रभारी वायु अधिकारी के रूप में पदभार संभाल लिया।

गुजरात कैडर की 1988 बैच की आईएएस अधिकारी एस अपर्णा ने भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अधीन औषधि विभाग में सचिव के रूप में पद भार संभाल लिया है।

डाटा गवर्नेंस क्वालिटी इंडेक्स की सर्वे रिपोर्ट में रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत आने वाले उर्वरक विभाग ने 16 आर्थिक मंत्रालयों/विभागों में दूसरा और 65 मंत्रालयों/विभागों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

उत्तर प्रदेश पीडीएस में एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड प्रणाली लागू करने की सुधार प्रक्रिया को पूरा करने वाला छठा राज्य बन गया है और इस प्रकार यह राज्य खुले बाजार की उधारी से 4,851 करोड़ रुपये की राशि जुटाने का हकदार हो गया है।

आंध्र प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने कारोबार को सुगम बनाने के सुधार सफलतापूर्वक लागू किए हैं और इस प्रकार यह राज्य खुले बाजार की उधारी से 2,525 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जुटाने का हकदार हो गया है।

गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती में केन्द्रीय कारागार ने महात्मा गांधी की 151 वीं जयंती के अवसर पर रेडियो प्रिजन नाम के रेडियो स्टेशन का शुभारंभ किया है।

05-10-2020

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए केरल के पलक्कड़ जिले में राज्य के पहले व देश के बीसवें मेगा फूड पार्क का शुभारंभ केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोहतांग में ऊंची पहाड़ियों पर बनी विश्व की सबसे लंबी अटल सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक भारतीय वैज्ञानिक-"वैभव" सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उद्घाटन किया।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राज्यों, जिलों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों को 2020 के स्वच्छ भारत पुरस्कार प्रदान किये ; गुजरात राज्य स्तर पर पहले स्थान पर रहा।

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने भारत के सबसे बड़े हस्तशिल्प और जैविक उत्पाद बाजार, ट्राइब्स इंडिया के ई-मार्केटप्लेस (market.tribesindia.com) का शुभारंभ किया।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने स्वस्थ वृद्धावस्था दशक (2020-2030) की शुरुआत की।

अपूर्व चन्द्रा, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), महाराष्ट्र संवर्ग के 1988 बैच के अधिकारी ने श्रम और रोजगार मंत्रालय में नए सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने देश भर में 150 मेगा कार्यक्रमों की श्रृंखला और पुष्पांजलियों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के गौरवशाली 150 वर्षों की जयंती मनाई।

आरईसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 20-21 के लिए लक्ष्यों का विवरण देते हुए विद्युत मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

दो और राज्यों, तमिलनाडु तथा अरुणाचल प्रदेश को एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के तहत 26 राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों के मौजूदा राष्ट्रीय पोर्टेबिलिटी समूह के साथ जोड़ा गया है।

06-10-2020

पाकिस्तान के तेज-तर्रार मौलवी तथा नेता मौलाना फजलुर रहमान को विपक्ष के नवगठित गठबंधन 'पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट'(पीडीएम) के पहले अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिस्पॉन्सिबल ए.आई. सोशल एम्पॉवरमेंट - 2020 - राइस समिट का उद्घाटन किया।

केन्द्रीय रेल, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पूर्व-पश्चिम मेट्रो के फूलबागान मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन किया।

एस. एन. बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज के वैज्ञानिकों ने अल्सर पैदा करने वाले गैस्ट्रिक रोगाणु का पता लगाने के लिए नया "ब्रेथप्रिंट" खोजा।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जितेन्द्र सिंह ने असम की धरोहर पर एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।

ओलंपिक कोटा हासिल कर चुकी भारतीय निशानेबाज यशस्विनी सिंह देसवाल ने पांचवीं अंतरराष्ट्रीय आनलाइन निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

नीति आयोग, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) और इनवेस्ट इंडिया ने भारत में अत्याधुनिक सेलर सेल विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए छह अक्टूबर को एक वैश्विक संगोष्ठी का आयोजन किया।

सॉफ्टवेयर उद्योग की कंपनी दसॉ सिस्टम्स ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शिव नाडार विश्वविद्यालय के साथ मिलकर एक अनुसंधान केंद्र स्थापित किया है।

फिल्मों और संगीत वीडियो में काम करने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री मिष्टी मुखर्जी का निधन हो गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) नसीब पठान का निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे।

07-10-2020

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट फूड वेंडर्स को हजारों की संख्या में ग्राहक उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

ओडिशा तट से दूर व्हीलर द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेंट रिलीज आफ टॉरपीडो (एसएमएआरटी) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कोविड के इलाज के लिए समर्पित अस्पताल के तौर पर प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

रेल मंत्री पीयूष गोयल ने वीडियो लिंक के माध्यम से 'नौगढ़ रेलवे स्टेशन का सिद्धार्थनगर' रेलवे स्टेशन में परिवर्तित नाम का लोकार्पण किया।

रक्षा कर्मियों को बड़ी राहत देने की घोषणा करते हुए सरकार ने 1 अक्टूबर, 2019 से प्रभावी बढ़ी हुई परिवार पेंशन के लिए न्यूनतम सेवा की अनिवार्यता समाप्त कर दी।

12वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 17 नवंबर 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

गुजरे जमाने के अभिनेता विशाल आनंद, जिन्हें 1976 की हिट फिल्म "चलते चलते" में अभिनय के लिए जाना जाता था, का निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे।

गुजरात उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनंतकुमार सुरेंद्रराय दवे का निधन हो गया है।

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम भारत में सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) के साथ मिलकर कृत्रिम मेधा का एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली टी20 क्रिकेट में 9000 रन बनाने वाले वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने।

अमरीका के हार्वे जे. अल्टर और चार्ल्स एम राइस तथा ब्रिटेन के माइकल ह्यूटन को चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार हेपेटाइटिस सी-वायरस की खोज के लिए दिया जाएगा।

08-10-2020

श्रवण बाधित बच्चों के लिए उनके संवाद का पसंदीदा प्रारूप यानी भारतीय सांकेतिक भाषा में शिक्षण सामग्री तक पहुंच कायम करने के उद्देश्य से भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र- आईएसएलआरटीसी और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद - एनसीईआरटी के बीच एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

विश्व की सबसे बड़ी उर्वरक सहकारी संस्था, भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) और प्रसार भारती ने नई कृषि प्रौद्योगिकी एवं नवाचारों को प्रसारित और प्रोत्साहित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण अनुकूल कम्प्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) की पहुंच का विस्तार करते हुए 42 सीएनजी स्टेशनों और टोरेंट गैस के 3 सिटी गेट स्टेशन को समुदाय की सेवा के लिए समर्पित किया।

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एम ए गणपति को नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार खारा को देश के सबसे बड़े बैंक का चैयरमैन नियुक्त किया।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उत्तराखण्ड भाषा संस्थान (राज्य भाषा केंद्र) की स्थापना गैरसैंण में किये जाने को मंजूरी दी और भूमि की खरीद के लिए 50 लाख रुपये के बजट को मंजूरी दी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक के 'एमएसएमई प्रेरणा' मंच का उद्घाटन किया, यह एमएसएमई को सलाह और सीख देने का ऑनलाइन मंच है।

देश के सबसे बड़े दूरसंचार परिचालक रिलायंस जियो ने बच्चों की सामग्री की पेशकश के लिए यूएसपी स्टूडियो के साथ गठजोड़ किया है, यूएसपी स्टूडियो खासतौर से बच्चों के लिए कंटेंट तैयार करती है।

विस्तार और एक्सिस बैंक ने मंगलवार को एक सह-ब्रांड फॉरेक्स कार्ड पेश किया, यह 16 मुद्राओं में भुगतान करने की सुविधा देता है।

2020 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार रोजर पेनरोसे को ब्लैकहोल संबंधी खोज के लिए और रीनहार्ड गेंजेल और एंड्रिया घेज को "हमारी आकाशगंगा के केंद्र में 'सुपरमैसिव कॉम्पैक्ट ऑबजेक्ट' की खोज के लिए यह पुरस्कार मिला है।

09-10-2020

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पुदुचेरी के आरुमपार्थपुरम में राष्ट्रीय राजमार्ग 45-ए पर बना एक किलोमीटर लम्बा रोड-ओवर-ब्रिज राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोविड-19 से निपटने के लिए समुचित व्यवहार के बारे में कल ट्वीटर पर जन आंदोलन अभियान शुरू किया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चार केन्द्रीय विद्यालयों की नवनिर्मित इमारतों का किया।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने मध्य प्रदेश, रीवा के श्याम शाह सरकारी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) का डिजिटल रूप से उद्घाटन किया।

कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दूसरे विश्व कपास दिवस पर भारतीय कपास के लिए पहला ब्रांड और लोगो लॉन्च किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और जापान के बीच साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक सहयोग समझौते (एमओसी) पर हस्ताक्षर करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

सरकार ने देश में प्राकृतिक गैस के विपणन में सुधार के लिए बडे सुधारों को मंजूरी दी है।

मंत्रिमंडल ने कोलकाता मेट्रो रेल परियोजना के ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर के लिए लागत के संशोधित अनुमानित बजट को स्वीकृत किया है।

महान गिटारवादक एडी वैन हेलेन का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता शटलर चेतन आनंद को भारत के पहले बैडमिंटन ब्रांड 'ट्रांसफॉर्म' ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है, इस ब्रांड को वर्चुअल रूप से शुरू किया गया।

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने इमैनुएल चार्पेरियर और जेनिफर ए. डोडना को "जीनोम संपादन के लिए एक विधि के विकास के लिए" रसायन विज्ञान में 2020 का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया है।

10-10-2020

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने वर्चुअल माध्यम से ज्ञान सर्कल उपक्रम का शुभारंभ किया, इसे आंध्र प्रदेश के चित्तूर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के टेक्नोलॉजी बिजनस इनक्यूबेटर ने एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से विकसित किया है।

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "मानसिक स्वास्थ्य: कोविड-19 से आगे एक दृष्टि" विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने आयुर्वेद अनुसंधान के लिए एमिटी विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपानी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात में ऑनलाइन ई-संजीवनी ओपीडी योजना को समर्पित किया।

हिमाचल प्रदेश में सोलन शहर में कैप्टन संजय चौहान द्वार का उदघाटन किया गया।

कर्नाटक में विश्व प्रसिद्ध जोग जलप्रपात का एक अरब 20 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

तमिलनाडु केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूरल जैण्डर चैंपियन्स क्लब ने कावेरी डेल्टा क्षेत्र में स्थित सुदूर गांवों की 15 महिलाओं को ग्रामीण जेण्डर चैंपियन के रूप में चुना है।

विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड महामारी के कारण आर्थिक गतिविधियां बाधित होने से वर्ष 2021 तक पूरी दुनिया में 15 करोड से अधिक लोग अत्यधिक गरीबी की चपेट में होंगे।

केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के संस्थापक रामविलास पासवान का दिल्ली में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे।

साहित्य में 2020 का नोबल पुरस्कार अमेरिकी कवयित्री लुईस ग्लूक को "उनकी बेमिसाल काव्यात्मक आवाज़ के लिए दिया गया है, जो खूबसूरती के साथ व्यक्तिगत अस्तित्व को सार्वभौमिक बनाता है।"

पारामाउंट केबल्स समूह के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजय अग्रवाल ने 2020-21 के लिये उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया।

प्रख्यात मराठी अभिनेता अविनाश खर्शीकर का महाराष्ट्र के ठाणे शहर में निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे।

11-10-2020

केन्द्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री और नौवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मंडाविया ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स - जीएसएफसी इंडिया लिमिटेड द्वारा तैयार 'कैल्शियम नाइट्रेट' और 'बोरोनेटेड कैल्शियम नाइट्रेट' की स्वदेशी किस्म को लॉन्च किया।

नई पीढ़ी के एंटी रेडिएशन मिसाइल (रुद्रम) का ओडिशा के तट से दूर व्हीलर द्वीप पर रेडिएशन परीक्षण किया गया।

कोयला मंत्रालय ने मंत्रालय की अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) गतिविधियों को बढ़ावा देने और कोयला क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के लिए अनुसंधान संस्थानों को आकर्षित करने हेतु वेबसाइट की शुरुआत की है।

कीटनाशक सूत्रीकरण प्रौद्योगिकी संस्थान (आईपीएफटी) ने बीज वाले मसाले की फसलों में कीट नियंत्रण के लिए रासायनिक कीटनाशकों के सुरक्षित विकल्प के रूप में जैव-कीटनाशक विकसित किया।

भारतीय वायु सेना द्वारा खारदुंगला दर्रा, लेह में अपने पहले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 17,982 फीट की ऊंचाई पर अपने लिए एक उच्चतम स्काईडाइव लैंडिंग का एक नया रिकॉर्ड बनाया गया।

सचिव (श्रम एवं रोजगार), आईएएस अपूर्व चंद्र ने ईपीएफओ मुख्यालय के अपने पहले भ्रमण के अवसर पर एकल भुगतान के माध्यम से छूट प्राप्त ट्रस्टों से ईपीएफओ को बड़ी मात्रा में निधि और डेटा के हस्तांतरण की सुविधा का शुभारम्भ किया।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और आईबीएम इंडिया ने डीएसटी की दो पहलों-विज्ञान ज्योति एवं एंगेज विद साइंस (विज्ञान प्रसार) को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग की घोषणा की।

नॉर्वे की नोबेल समिति ने दुनिया भर में भूख से निपटने के प्रयासों के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) को 2020 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला किया है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि दिसम्बर 2020 से आरटीजीएस के ज़रिये पैसे के अंतरण की सुविधा रात-दिन उपलब्ध कराई जाएगी।

लेह में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल- सीआरपीएफ श्रीनगर सेक्टर की महानिरीक्षक चारू सिन्हा ने सीआरपीएफ कर्मियों के लिए आज पूर्वनिर्मित झोपड़ियों का उद्घाटन किया है।

12-10-2020

नेपाल के पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री योगेश भट्टराई ने भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात कर दोनों देशों में दुर्गम इलाकों में उड़ान सेवाएं बढ़ाने और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के पुनरुद्धार समेत पर्यटन को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा की।

भारतीय मूल के विख्यात शिक्षाविद श्रीकांत दातार को हार्वर्ड बिजनेस स्कूल का डीन नामित किया गया है।

कोरोना वायरस महामारी के दौरान देश में रोजगार की स्थिति जानने के लिये श्रम ब्यूरो प्रवास, घरेलू सहायक और पेशेवर इकाइयों को लेकर तीन सर्वेक्षण करेगा।

पाकिस्तान के दूरसंचार नियामक (पीटीए) ने अनैतिक सामग्री के खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद लोकप्रिय चीनी वीडियो-शेयरिंग ऐप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया।

इंग्लैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय और लीवरपूल के महान फुटबॉलर रॉबी फाउलर को अगले दो वर्षों के लिये ईस्ट बंगाल का मुख्य कोच नियुक्त किया गया।

महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी) और मुम्बई क्रिक्रेट एसोसिएशन (एमसीए) ने वानखेड़े स्टेडियम के भ्रमण को लेकर एक करार किया है।

टेलीविजन एवं फिल्म अदाकारा सना खान ने अभिनय छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि अब वह अपना सारा समय बेसहारा लोगों की सेवा करने में गुजारना चाहती हैं।

स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए, महाराष्ट्र के खेल एवं युवा सेवाओं के निदेशालय ने कोविड-19 महामारी के बीच राष्ट्रीय स्तर की 'एथलेटिक फिटनेस चैम्पियनशिप' का ऑनलाइन आयोजन किया।

फीफा परिषद के पूर्व सदस्य कैवसी नयानताकइ पर वित्तीय भ्रष्टाचार के लिये लगाया गया आजीवन प्रतिबंध अपील के बाद घटाकर 15 साल कर दिया गया।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वह प्रणाली में पर्याप्त तरलता सुनिश्चित करने के लिये 1 लाख करोड़ रुपये का हमेशा उपलब्ध लक्षित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (टारगेटेड एलटीआरओ) करेगा।

13-10-2020

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने आर्थिक विज्ञान में 2020 का सेवरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में पॉल आर मिलग्रोम और रॉबर्ट बी विल्सन को "नीलामी के सिद्धांत और नए नीलामी प्रारूपों के आविष्कारों में सुधार के लिए" देने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने, 12 अक्तूबर, 2020 को एक वर्चुअल कार्यक्रम में विजया राजे सिंधिया के सम्मान में 100 रुपये का स्मृति सिक्का जारी किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सात राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के द्वारा बनाए गए 44 पुलों को राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड के वितरण का शुभारंभ किया और योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की।

पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि सरकार द्वारा अनुशंसित सभी आठ समुद्रतटों (बीच) को अंतराष्ट्रीय ब्लूफ्लैग प्रमाण पत्र मिला है।

टेनिस में, राफेल नडाल ने नोवाक जोकोविच को 6-0, 6-2, 7-5 से हराकर अपना 13वां फ्रेंच ओपन जीता और रोजर फेडरर के 20 ग्रैंड स्लैम खिताबों के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी की।

राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ रघु शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर 'गर्भधारण और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम' की निगरानी के लिए एकीकृत प्रणाली (इम्पेक्ट) ऐप की शुरुआत की।

अनुभवी मिताली राज, सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और अपने आक्रामक तेवरों के लिये मशहूर हरमनप्रीत कौर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में चार से नौ नवंबर के बीच होने वाले महिला टी20 चैलेंज क्रिकेट प्रतियोगिता में क्रमश: वेलोसिटी, ट्रेलब्लेजर्स और सुपरनोवाज की अगुवाई करेंगी।

दिल्ली निवासी चैतन्या वेंकटेश्वरन को भारत में ब्रिटेन की वरिष्ठतम राजनयिक बनने का मौका मिला, दुनियाभर की महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित करने और महिला सशक्तीकरण के लिए मिशन की पहल के तहत यह अवसर दिया गया।

कर्नाटक बैंक लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनंतकृष्ण का मंगलुरु में निधन हो गया। वह 74 साल के थे।

रोहित शर्मा 150 आईपीएल मैच खेलने वाले मुंबई इंडियंस के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

14-10-2020

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने कोविड-19 महामारी के कारण लागू किए गए लॉकडाउन के बाद आर्थिक सुस्ती से लड़ने के प्रयासों के तहत अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित करने के लिए 73,000 करोड़ रुपये के उपायों की घोषणा की।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल "निशंक"ने बठिंडा जिले के गुड्डा ग्राम में केन्द्रीय पंजाब विश्वविद्यालय केअत्याधुनिक नए परिसर और नवनिर्मित भवनों का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया।

राष्ट्रीय कामधेनु आयोग ने इस वर्ष दिवाली महोत्सव में गाय के गोबर/ पंचगव्य उत्पादों के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "कामधेनु दीपावली अभियान" मनाने के लिए देशव्यापी अभियान शुरू किया है।

भारत और एशियाई विकास बैंक- एडीबी ने राजस्थान के 14 छोटे शहरों में समावेशी और सतत जल आपूर्ति तथा स्वच्छता के बुनियादी ढांचे और सेवाओं के लिए 30 करोड अमरीकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत सरकार के साथ 57 करोड़ डॉलर (करीब 4,180 करोड़ रुपये) का ऋण समझौता किया है, यह कर्ज राजस्थान और मध्य प्रदेश में बुनियादी ढांचा निर्माण और शहरी स्थानीय निकायों को मजबूत बनाने के लिये है।

बांग्लादेश में मंत्रिमंडल ने दुष्कर्म के लिए मौत की सजा को अधिकतम सजा के रूप में कानून के प्रारूप को मंजूरी दे दी।

नगालैंड के मंत्री चांग का कोहिमा में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे।

जल की गुणवत्ता के परीक्षण के मद्देनजर हरियाणा सरकार ने अति आधुनिक 'चलित जल परीक्षण प्रयोगशाला वैन' की शुरुआत की है।

गुवाहाटी के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने 17 करोड़ रुपये की लागत से सुपरकंप्यूटिंग सुविधा की स्थापना के लिए पुणे के सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया है।

पैकेजिंग सेवा देने वाली एसेल प्रोपैक लिमिटेड को अपना नाम बदलकर ईपीएल करने की नियामकीय अनुमति मिल गयी है।

15-10-2020

सेंटर फोर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक) ने आयोजित वर्चुअल समारोह में असेम्बली के साथ सुपरकंप्यूटिंग बुनियादी ढांचा स्थापित करने, भारत में विनिर्माण करने और राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के महत्वपूर्ण घटकों के लिए देश के प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के साथ कुल 13 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डॉ. बालासाहेब विखे पाटिल की 'देह वीचवा करणी' नामक आत्मकथा का विमोचन किया।

केंद्रीय आयुष मंत्री और रक्षा राज्यमंत्री श्रीपद येसो नाइक ने एक वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान में दक्षिणी पठार क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय कच्ची औषधि भंडार केंद्र (आरआरडीआर) का उद्घाटन किया।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो द्वारा आयोजित '21वीं ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ डायरेक्टर्स, फिंगरप्रिंट ब्यूरो – 2020' का आनलाइन उद्घाटन किया।

केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने केरल में 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

"आदिवासियों के लिए तकनीकी" पहल की शुरुआत जनजातीय कार्य मंत्रालय के ट्राइफेड द्वारा छत्तीसगढ़ लघु वन उपज फेडरेशन और आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर ई-लॉन्च के माध्यम से की गई।

अटल नवाचार मिशन (एआईएम), नीति आयोग ने स्कूलों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सीजीआई इंडिया के साथ आशय के विवरण (एसओआई) पर हस्ताक्षर किए हैं।

वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने बीस राज्यों को खुले बाजार की उधारी के माध्यम से 68 हजार 8 सौ 25 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जुटाने की अनुमति दी।

ओडिशा सरकार ने भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन (आईआरएफयू) के साथ 2023 तक भारतीय राष्ट्रीय रग्बी टीमों के प्रायोजन और खिलाड़ियों को हाई परफोर्मेंस ट्रेनिंग और अनुकुलन दिलाने का करार किया।

गुजरात की कोकिला और सुगम संगीत की लोकप्रिय गायिका कौमुदी मुंशी का मुंबई में निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थीं।

16-10-2020

एनटीपीसी लिमिटेड ने बिजली उत्पादन के दौरान अवशेष के रूप में निकलने वाले उप-उत्पाद (राख) का 100 प्रतिशत उपयोग करने की योजना के अनुसार अपने प्रयासों के तहत फ्लाई ऐश की आपूर्ति करने के लिए देश भर के सीमेंट निर्माताओं के साथ सहयोग करना शुरू कर दिया है।

भारत ने यूक्रेन के साथ अलग से द्विपक्षीय एयर बबल समझौता किया है ताकि दोनों देशों के बीच विशेष अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों का संचालन हो सके।

स्टार्ट-अप्स में निवेश के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम-पीएसयू में उत्कृष्टता के लिए टीम ट्राइफेड ने राष्ट्रीय पुरस्कारों का वर्चुअल संस्करण जीता।

वार्षिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर सितंबर, 2020 के दौरान (जुलाई, 2019 की तुलना में) 1.32 प्रतिशत (अनंतिम) रही, जबकि इससे पिछले साल इसी महीने यह 0.33 प्रतिशत थी।

नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धियों और विशिष्ट सेवाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नौसैनिक कर्मियों को सम्मानित करने के लिए आईएनएस इंडिया द्वारा नई दिल्ली में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत केन्द्रशासित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख प्रदेशों में 2023-24 तक पांच सालों के लिए 520 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की घोषणा की है।

मंत्रिमंडल ने राज्यों के लिए शिक्षण-अध्ययन और परिणाम व्यवस्था को मजबूत करने की विश्व बैंक समर्थित परियोजना-- स्टार्स को मंजूरी दे दी है।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक वृद्धि दर में 4.4 प्रतिशत गिरावट का अनुमान लगाया है।

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लि. (एचजेडएल) ने जिंक स्मेल्टर संयंत्र लगाने को लेकर गुजरात सरकार के साथ समझौता किया है।

मिस्त्र फिल्म उद्योग के मशहूर अभिनेता महमूद यासिन का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे 20 सदी के मिस्त्र फिल्म जगत के स्तंभ माने जाते थे।

17-10-2020

हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा इंसानों के साथ उनके संघर्ष की संभावना को कम करने के लिए हरिद्वार वन प्रभाग में 35 वर्षीय एक नर हाथी पर 'ट्रैकिंग कॉलर' लगाने के साथ ही उत्तराखंड में हाथियों को रेडियो कॉलर लगाने का अभियान शुरू किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की 75 वीं जयंती के अवसर पर 75 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में एशिया की सबसे लंबी ज़ोजीला सुरंग के निर्माण कार्य का रस्मी तौर पर विस्फोटक जलाकर शुभारंभ किया।

विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने नई दिल्ली में नियुक्त विदेशी राजनयिकों को भारत के बारे में अवगत कराने के लिए नई व्याखानमाला का शुभारंभ किया।

केन्द्र सरकार ने रिसाइक्लिंग ऑफ शिप्स एक्ट, 2019 की धारा 3 के तहत महानिदेशक शिपिंग को नेशनल अथॉरिटी फॉर शिप्स रिसाइक्लिंग के रूप में अधिसूचित किया है।

भारतीय गुड लेबोरेटरी प्रैक्टिस (जीएलपी) कार्यक्रम के योगदान को मान्यता देते हुए, भारत को आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के कार्यकारी समूह, गुड लेबोरेटरी प्रैक्टिस (जीएलपी) का 'उपाध्यक्ष' नामित किया गया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान की शुरुआत की।

चीन की सेना ने हाल ही में बेहद ऊंचाई वाले स्थानों पर रॉकेट से बारूदी सुरंग को दागने का प्रशिक्षण अभ्यास किया है, इस दौरान, ट्रक पर लाई गईं कई बारूदी सुरंगों को लांचर को दागा गया।

प्रतिष्ठित टीएस इलियट पुरस्कार के लिए इस साल चुने गए 10 दावेदारों में भारतीय मूल की लेखिका एवं कवियत्री भानू कपिल को भी शामिल किया गया हैं।

भारत की प्रथम ऑस्कर विजेता एवं कॉस्ट्यूम डिजाइनर भानु अथैया का मुंबई में निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थीं।

18-10-2020

वीडियो मीटिंग एप जूम ने एक नया ऑनलाइन इवेंट प्लेटफॉर्म-ऑनजूम के लॉन्च की घोषणा की है, यह प्लेटफॉर्म उन पेड यूजर्स के लिए तैयार किया गया है जो इसके माध्यम से फिटनेस क्लासेज, कन्सर्ट्स, स्टैंडअप और म्यूजिक लेसंस जैसे इवेंट्स क्रिएट, होस्ट और मोनेटाइज कर सकते हैं।

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम हैदराबाद एफसी ने युवा खिलाड़ियों आकाश मिश्रा, रोहित दानू और लालबिआखलुआ 'बिएका' जोंगटे को आगामी सत्र के लिए करार किया है।

कतर कोरोना वायरस महामारी के दौरान स्थगित की गयी एशियाई चैम्पियंस लीग फुटबॉल फाइनल की मेजबानी करेगा।

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम मुंबई सिटी एफसी ने राष्ट्रीय टीम के फारवर्ड फारूख चौधरी के साथ तीन साल का अनुबंध करने की घोषणा की।

विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन को सौंप दी।

विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन को सौंप दी।

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने जीवन बीमा कंपनियों को अगले साल एक जनवरी तक एक मानक "सरल जीवन बीमा" पॉलिसी पेश करने के निर्देश जारी किए हैं।

देहरादून स्थित आसन संरक्षण रिजर्व उत्तराखंड में रामसर से मान्यता प्राप्त करने वाला पहली आर्द्रभूमि है।

प्रख्यात जनता दल-यूनाइटेड (जेडी-यू) के नेता कपिल देव कामत का बिहार की राजधानी में निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे।

अरूणाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री त्सेरिंग ताशी का निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे।

19-10-2020

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के लिए एक वेब-आधारित भौगोलिक सूचना प्रणाली मंच की मैपिंग और कार्यान्वयन के लिए डाटा अधिग्रहण के लिए एक रिमोट वाले पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम की तैनाती के लिए सशर्त छूट दी गई है।

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा एमएसएमई मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आंध्र प्रदेश में 15,592 करोड़ रुपये की लागत वाली 1411 किलोमीटर लंबी 16 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के सर्वश्रेष्ठ और द्वितीय सर्वश्रेष्ठ कमान अस्पतालों को वर्ष 2019 के लिए रक्षा मंत्री ट्रॉफी प्रदान की।

भारत और कजाखस्तान के बीच एक वेबिनार आयोजित किया गया। "मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड, इंडिया- कजाखस्तान रक्षा सहयोग: वेबिनार और एक्सपो" वेबिनार का मूल विषय था।

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत किसानों को कपास चुनने की 95 मशीनें निःशुल्क वितरित कीं।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्यों देशों के न्याय मंत्रियों की सातवीं बैठक की मेजबानी माननीय विधि एवं न्याय, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद द्वारा की गई।

सरकार के स्वामित्व वाली पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) ने जम्मू कश्मीर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेकेपीसीएल) को बकाया राशि निर्गत करने के लिए 2,790 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की है।

पोत परिवहन मंत्रालय ने जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह और दीनदयाल बंदरगाह से लेकर चाबहार ईरान के शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह बीच तटीय आवाजाही के दौरान होने वाले कार्गो के परिवहन तथा माल वाहक

जहाज़ों से संबंधित शुल्कों की वर्तमान रियायती दर में 40 प्रतिशत की छूट एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दी है।

सरकारी बैंक, बैंक आफ बड़ौदा (बीओबी) ने कृषि क्षेत्र में वित्तपोषण को बढ़ावा देने के मकसद से उसने टैक्टर के कर्ज उपलब्ध कराने के वास्ते महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के साथ करार किया है।

झारखंड सरकार ने राज्य के गरीबी रेखा से नीचे के सभी परिवारों को 10 रुपये में धोती/लुंगी एवं साड़ी वर्ष में दो बार देने का फैसला किया।

20-10-2020

जम्मू कश्मीर सरकार ने संघ शासित प्रदेश के सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए ऑक्सीजन के उत्पादन संबंधित उपकरणों के वास्ते 238.45 करोड़ रुपये की लागत वाली विस्तृत परियोजना को मंजूरी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 19 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर मैसूर विश्वविद्यालय के शताब्दी दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।

सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का अरब सागर में एक लक्ष्य को भेदते हुए भारतीय नौसेना के स्वदेशी तरीके से निर्मित स्टील्थ डेस्ट्रॉयर, आईएनएस चेन्नई से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

खेल मंत्रालय ने खेलो इंडिया योजना के तहत कुल नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में खेल केंद्रों को खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) के रूप में उन्नत किया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के साम्बा जिले में जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर में पंडित मदन मोहन मालवीय शिक्षा भवन की आधारशिला रखी।

भारतीय नौसेना-श्रीलंकाई नौसेना का समुद्री अभ्यास का आठवां वार्षिक संस्करण-सिलिनेक्स-20 श्रीलंका के त्रिंकोमली में 19 से 21 अक्टूबर, 2020 तक चलेगा।

न्यूज़ीलैण्ड की प्रधानमंत्री जसिंडा आरडर्न ने आम चुनाव जीत लिया है।

दुनिया की नंबर एक भारतीय निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान ने शेख रसेल अंतरराष्ट्रीय एयर राइफल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता जबकि शाहु तुषार माने ने रजत पदक अपने नाम किया।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला का कार्यकाल बढ़ा कर 22 अगस्त 2021 तक कर दिया गया है।

मालंकर माच थोमा सीरियाई चर्च के शीर्ष पादरी जोसेफ मार थोमा मेट्रोपोलिटन का निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।

21-10-2020

डिजिटल नवाचार से सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए नीति आयोग ने आज अमेजॉन वेब सर्विसेज के सहयोग से अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से संबंधित क्लाउड इनोवेशन सेंटर की स्थापना की घोषणा की है।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री परोत्तम रूपालाजी ने सहकारिताओं के द्वारा स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु 10,000 करोड़ रुपए की एनसीडीसी आयुष्मान सहकार निधि का शुभारम्भ किया।

सीएसआईआर–आईएचबीटी ने भारतीय हिमालयी क्षेत्र में असाफोटिडा (हींग) की खेती शुरू करके इतिहास बनाया।

वार्षिक नौसैनिक अभ्यास मालाबार-2020 इस साल के अंत तक बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में कराये जाने की संभावना है।

बहरीन और इजरायल ने द्विपक्षीय संबंधों, कृषि, व्यापार, नागरिक उड्डयन, दूरसंचार और वित्तीय सेवाओं जैसे कई अहम मुद्दों को कवर करने वाले कई प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

भारत और ओमान द्विपक्षीय दोहरे कराधान समझौते में संशोधन के लिए प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर सहमत हुए हैं।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ई. पलनीसामी ने बाढ़ से प्रभावित तेलंगाना को 10 करोड़ रुपये की सहायता देने की घोषणा की।

बैडमिंटन में, पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा ने महिला एकल में तीन बार की विश्व चैंपियन कैरोलिना मारिन को हराकर डेनमार्क ओपन का खिताब जीत लिया

पूर्व अंतर्राष्ट्रीय कप्तान एंजेलो मैथ्यूज, फाफ डुप्लेसिस और जमैका के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) में कोलंबो किंग्स फेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टीवी शो कुमकुम भाग्य में इंदु सूरी के किरदार से लोकप्रिय हुई अभिनेत्री जरीना रोशन खान का निधन हो गया है। वह 57 वर्ष की थीं।

22-10-2020

कोविड महामारी के कारण हवाई यात्रा पर लागू प्रतिबंधों के कारण नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भारत और इंडोनेशिया के बीच कोयले के बारे में 5वें संयुक्त कार्यदल (जेडब्ल्यूजी) की बैठक 5 नवंबर 2020 को आयोजित होगी, इस बैठक की मेज़बानी भारत कर रहा है।

केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्री नितिन गडकरी ने असम के जोगीघोपा में देश के पहले मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क की आधारशिला रखी।

जहाजरानी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में समुद्री यातायात सेवा (वीटीएस) और पोत यातायात निगरानी व्यवस्था (वीटीएमएस) के लिए स्वदेशी सॉफ्टवेयर समाधान के विकास का शुभारंभ किया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के नवनिर्मित डायमंड जुबली लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने लखनऊ में स्पेशलिटी कैंसर अस्पताल का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की खरीद प्रक्रिया संबंधी नियमावली का एक नया संस्करण (पीएम-2020) जारी किया।

सिक्किम सरकार के साथ इफको की जैविक जेवी सिफको ने सिक्किम के रंगपो में एकीकृत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का निर्माण शुरू किया।

सितंबर, 2020 में कृषि श्रमिकों और ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष: 1986-87=100) क्रमश: 10 और 11 अंक बढ़कर बढ़कर क्रमश: 1037 और 1043 के स्तर पर पहुंच गया।

लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की सीमा 10 प्रतिशत बढ़ा दी गई है।

आकलैंड के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर कोविड-19 के कारण पहले स्थानापन्न खिलाड़ी बने जब प्लंकेट शील्ड प्रथम श्रेणी क्रिकेट चैंपियनशिप के मुकाबले में उन्होंने टीम के अपने साथी मार्क चैपमैन की जगह ली।

23-10-2020

केंद्रीय जल शक्ति एवं सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया ने जल शक्ति मंत्रालय के तहत डब्ल्यूआर, आरएंडडी एवं जीआर विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के तहत परियोजनाओं के घटकों की जियो टैगिंग के लिए एक मोबाइल ऐप्लीकेशन लांच किया।

सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवने ने विशाखापत्तनम में नौसेना डॉकयार्ड में पनडुब्बी रोधी टोही युद्धपोत (एएसडब्ल्यू) आईएनएस कवारत्ती को भारतीय नौसेना में शामिल किया।

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा डिज़ाइन किये गये और खादी के कपड़े से बने भारत के पहले उच्च गुणवत्ता वाले फुटवियर का शुभारंभ किया।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने कहा है कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2020 का आयोजन डिजिटल तरीके से 22 से 25 दिसंबर तक होगा। यह छठवां महोत्सव है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पंचायती राज अधिनियम- 1989 को जम्मू कश्मीर में लागू करने की मंजूरी दे दी।

दिल्ली और मुंबई के बीच की दूरी जल्दी तय करने के लिए भारतमाला परियोजना के तहत 'ग्रीनफील्ड' राजमार्ग के 60 किलोमीटर लंबे हिस्से का निर्माण राजस्थान में किया जाएगा।

भूटान में भारत की सहायता से निर्मित मंगदेछु जलविद्युत परियोजना को सिविल इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित ब्रुनेल मेडल से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट आफ सिविल इंजीनियर्स ने प्रदान किया है।

गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने मेहसाणा जिले में एक प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना के लिये शिलान्यास किया। इस पर 1,000 करोड़ रुपये की लागत आयेगी।

रिजर्व बैंक ने बैंकों को सस्ती दर पर 1 लाख करोड़ रुपये तक की दीर्घ कालिक नकदी उपलब्ध कराने के लिए लक्षित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) योजना की बुधवार को घोषणा की।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने कहा कि राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तीसरे चरण की शुरुआत जनवरी में होगी जो 'कंप्यूटिंग' गति को लगभग 45 पेटाफ्लॉप्स तक ले जाएगा।

24-10-2020

डॉ समन हबीब, मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रोफेसर (AcSIR), मॉलिक्यूलर बायोलॉजी डिवीजन, सीएसआईआर-सीडीआरआई, लखनऊ को मलेरिया परजीवी की कार्यप्रणाली को समझने के लिए किए उनके उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य के फलस्वरूप उन्हें भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली के फ़ेलो के रूप में चयनित किया गया है।

केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीपद येसो नाइक ने वर्चुअल समारोह के माध्यम से अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली में क्षेत्रीय कच्ची औषधि भंडार (आरआरडीआर) का उद्घाटन किया।

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रहलाद सिंह पटेल ने वर्चुअल तरी के से "लाइफ इन मिनिएचर" परियोजना की शुरुआत की, संस्कृति मंत्रालय के नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय और गूगल आर्ट्स एंड कल्चर की संयुक्त परियोजना है।

तीसरी पीढ़ी के टैंकरोधी निर्देशित प्रक्षेपास्त्र (एटीजीएम) नाग का पोखरण परीक्षण अड्डे पर प्रयोक्ता द्वारा अंतिम परीक्षण किया गया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री, रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने आईआईटी रोपड़ के स्थायी परिसर को देश को समर्पित किया।

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष कुमार गंगवार ने वर्ष (2016) के आधार पर औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) की नई श्रृंखला जारी की।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भुगतान प्रणाली परिचालकों (पीएसओ) द्वारा भुगतान लेनदेन के लिए कोई नया प्रॉप्राइटेरी क्यूआर (क्विट रेस्पांस) कोड शुरू करने पर रोक लगा दी है।

वोडाफोन आइडिया और नासकॉम फाउंडेशन ने भारत में महिला सुरक्षा के लिये ऐप आधारित समाधान उपलब्ध कराते हुये 'माई अम्बर' ऐप पेश की।

यूरोपीय संघ ने अपना शीर्ष मानवाधिकार पुरस्कार बेलारूस के विपक्षी आंदोलन और इसकी नेता स्वेतलाना एलेक्जेंडर को दिया है जिन्होंने राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको के लंबे समय से चले आ रहे कठोर शासन को चुनौती दी है।

विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियन 2020 को कोविड-19 महामारी के चलते पाबंदियों और अनिश्चितताओं के कारण रद्द कर दिया गया।

25-10-2020

नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने राष्ट्रीय ताप बिजली निगम (एनटीपीसी) को मध्य प्रदेश स्थित विंध्याचल उच्च ताप बिजली केन्द्र और गदरवाड़ा उच्च ताप बिजली संयंत्र के अलावा छत्तीसगढ़ स्थित सिपत उच्च ताप बिजली परियोजनाओं में अनुसंधान और निरीक्षण गतिविधियों के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर दूरस्थ पायलट विमान प्रणाली (आरपीएएस) की तैनाती करने की सशर्त छूट प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अक्टूबर को गुजरात में तीन प्रमुख परियोजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया।

केंद्र सरकार ने 16 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों को पहली किस्त के रूप में देने के लिए छह हजार करोड़ रुपये उधार लेकर स्थानांतरित किए हैं।

भारत और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ के बीच 100 वर्षों के उपयोगी संबंधों के एक नए अध्याय को चिह्नित करते हुए, भारत ने 35 वर्षों बाद अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के शाषी निकाय की अध्यक्षता ग्रहण की है।

लेफ्टिनेंट जनरल नंद किशोर साहू, वीएसएम ने दंत चिकित्सा सेवा के महानिदेशक और आर्मी डेंटल कोर के कर्नल कमांडेंट का कार्यभार संभाला।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. राजीवन ने भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका जैसे दक्षिण एशियाई देशों के लिए अचानक आनेवाली बाढ़ से जुड़ी अपनी तरह की पहली मार्गदर्शन सेवाओं की शुरुआत की।

त्रिची स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान- एनआईटी को प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोज़ - पीएमआरएफ योजना के अंतर्गत दो फेलोशिप प्रदान किए गए हैं।

तेलंगाना सरकार ने 1,850 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर मार्कफेड के माध्यम से किसानों से मक्का खरीदने का निर्णय लिया है।

लद्दाख के उप-राज्यपाल आर. के. माथुर ने करगिल में कोविड-19 संक्रमित रोगियों को समर्पित कुरबथांग अस्पताल में नई आरटीपीसीआर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

अमरीकी विदेश मंत्रालय ने ताइवान को लगभग एक अरब 80 करोड़ डॉलर मूल्य की हथियार प्रणालियां बेचने को मंजूरी दे दी है।

26-10-2020

भारतीय रेलवे के उपक्रम, रेल विकास निगम लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा मंडल में उप्पलुरु-गुडीवाड़ा-मोटूरु और गुडीवाड़ा-मछिलीपटनम के बीच 69 किलोमीटर रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य एक ही बार में पूरा कर लिया है।

सरकार ने मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के दायरे में आने वाले स्कूलों में अतिरिक्त पोषक तत्व युक्त (फोर्टिफाइड) चावल की आपूर्ति करने का निर्णय किया है।

ईएसआई योजना के तहत अधिक श्रमिकों को कवर करने के अपने निरंतर प्रयास में भारत सरकार ने अब पहली बार अरुणाचल प्रदेश में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना का लाभ का विस्तार किया है।

पाकिस्तान फरवरी 2021 तक एफएटीएफ की 'ग्रे सूची में बना रहेगा क्योंकि वह वैश्विक धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए छह कार्ययोजनाओं को पूरा करने में विफल रहा है।

भारतीय वन सेवा अधिकारी आलोक वर्मा ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के अध्यक्ष पद की शपथ ली।

लद्दाख के उप-राज्यपाल आर. के. माथुर ने करगिल के कुरबथांग स्थित लद्दाख स्वयात्त पर्वतीय विकास परिषद के सचिवालय में विधानसभा के निर्माण की आधारशिला रखी।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कोरोना वायरस महामारी के चलते संकट का सामना कर रहे पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 26 नई परियोजनाओं की शुरुआत की है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलएनजेपी अस्पताल में 1,500 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक ब्लॉक के निर्माण के लिए आधारशिला रखी।

ब्रेक्जिट के बाद एक बड़े कदम के तहत जापान और ब्रिटेन ने एक द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एसबीआई कार्ड के सहयोग से दिल्ली मेट्रो के यात्रियों के लाभ के लिए बहुउद्देश्यीय कार्ड 'दिल्ली मेट्रो-एसबीआई कार्ड' की शुरूआत की।

27-10-2020

गुजरात में साबरमती रिवरफ्रंट और सरदार वल्लभभाई पटेल की स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के बीच अपनी तरह की पहली सेवा में उड़ान के लिए इस्तेमाल होने वाला 19 सीटर सीप्लेन मालदीव से यहां पहुंचा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिक्किम में राष्ट्रीय राजमार्ग 310 के 0.00 किलोमीटर से 19.350 किलोमीटर तक के 19.85 किलोमीटर लंबी वैकल्पिक सड़क को राष्ट्र को समर्पित किया।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत 2 ग्रामों के लिए दो जल आपूर्ति योजनाओं का उद्घाटन किया है।

भारतीय खेल प्राधिकरण ने टेबल टेनिस के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर को मंजूरी दे दी है, यह शिविर 28 अक्टूबर से 8 दिसंबर तक आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने दशहरा के मौके पर पटियाला में पंजाब के पहले खेल विश्वविद्यालय और अन्य विकास परियोजनाओं की डिजिटल माध्यम से नींव रखी।

दक्षिण कोरिया के तकनीकी दिग्गज सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के चेयरमैन ली कुन-ही का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के चुनावों में एक पगड़ीधारी सिख सहित भारतीय मूल के आठ कनाडाई नागरिक विजयी हुए, मध्यावधि चुनावों में सत्तारूढ़ न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) बहुमत के साथ सत्ता में लौटी है।

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) की पहली परिवहन परियोजना का लाहौर में उद्घाटन किया गया।

हिमाचल प्रदेश सरकार प्रदेश में 2023 तक 10 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ 100 स्वच्छता कैफे स्थापित करने को तैयार है, सभी कैफे में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा।

28-10-2020

केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने एनआईटी अरुणाचल प्रदेश के मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्लॉक, बॉयो टेक्नोलॉजी और केमिकल इंजीनियरिंग ब्लॉक के साथ सेंट्रल इंस्ट्रूमेन्टेशन और रिएक्शन इंजीनियरिंग प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 अक्टूबर को 'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना' के उत्तर प्रदेश के लाभार्थियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुबह 10:30 बजे संवाद किया।

केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और एमएसएमई मंत्री नितिन गडकरी ने त्रिपुरा में 2752 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाली कुल 262 किलोमीटर की लंबाई वाली कुल नौ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनजातीय कार्य मंत्रालय और आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से जनजातीय वर्गों के कल्याण के लिए दो उत्कृष्टता केन्द्रों की शुरुआत की।

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष कुमार गंगवार ने बरेली में 100 बिस्तर वाले नए ईएसआईसी अस्पताल का भूमि पूजन किया।

जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाली ट्राइफेड ने प्रकृति की और अधिकता लाने के लिए ट्राइब्स इंडिया उत्पादों की अपनी श्रेणी में 100 नए फॉरेस्ट ऑर्गेनिक उत्पाद शामिल किए हैं।

एआईएम (अटल इन्नोवेशन मिशन), सीएसआईआरओ के साथ मिलकर सर्कुलर अर्थव्यवस्था पर 7 और 8 दिसंबर को दो दिवसीय भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनामी हैकथॉन (आई-एसीई) आयोजित करने जा रहा है।

'फाइनेंशियल टाइम्स' (एफटी) की ईएमबीए 2020 रैंकिंग में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बेंगलुरु के पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम इन एंटरप्राइज मैनेजमेंट (पीजीपीईएम) को शीर्ष 100 वैश्विक पाठ्यक्रमों की सूची में शामिल है।

उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बच्चों की तस्करी रोकने के लिये हर जिले में 'एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना' बनाया जाएगा।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने नैनीझील में एक करोड़ रूपये की लागत से यूएनडीपी के सहयोग से स्थापित जल गुणवत्ता आकलन प्रणाली का लोकार्पण किया।

29-10-2020

नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (निसार) को 2022 तक प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद है, भारत और अमेरिका ने अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता सूचना साझा करने का निर्णय किया है जो सुरक्षित एवं स्थायी अंतरिक्ष वातावरण की स्थितियां तैयार करने के प्रयास को गति देगा।

भारत और अमरीका के रक्षा और विदेश मंत्रियों की तीसरी टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता में नई दिल्ली में ऐतिहासिक बुनियादी आदान-प्रदान और सहयोग समझौते-बीईसीए पर हस्ताक्षर किए गए।

केन्द्रीय पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मांडविया ने वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह में एक ई-पट्टिका का अनावरण कर 'डायरेक्ट पोर्ट एंट्री (डीपीई) सुविधा का उद्घाटन किया।

एमएसडीई और एनसीवीईटी ने कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत बनाने के लिये प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदाता निकाय और मूल्यांकन एजेंसियों के लिए नए दिशा निर्देशों और संचालन नियमावली का अनावरण किया।

डाक विभाग और यूनाइटेड स्टेट्स पोस्टल सर्विस ने दोनों देशों के बीच डाक के जरिये भेजे जाने वाले सामान से जुडे सीमा शुल्क आंकड़ों को साझा करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।

महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक कॉलेज ने विद्यार्थियों और पाठकों के लिए घर-घर पुस्तकें पहुंचाने की शुरूआत की है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की कि सार्वजनिक परिवहन सेवा देने वाली डीटीसी और निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एनबीसीसी ने दिल्ली के हरि नगर और वसंत विहार में बहुमंजिला बस डिपो बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने उनके एवं उनके दिवंगत पिता के नाम पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लाभ के लिए विद्युत शुल्क और निवेश सब्सिडी में उच्च प्रतिपूर्ति प्रदान करने की "जगनन्ना वाईएसआर बाडुगु विकासम" शुरू की।

बांग्लादेश सरकार ने फैसला किया है कि मास्क नहीं पहनने वाले लोगों को कोई भी सेवा प्रदान नहीं की जाएगी।

भारत के दक्षिण और मध्य एशिया के लिए फेसबुक के सार्वजनिक नीति निदेशक, अंशी दास ने पद छोड़ दिया है।

30-10-2020

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कुम्हारों के सशक्तिकरण की दिशा में खादी ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा शुरू की गई कुम्हार सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र के नांदेड़ और परभणी जिलों में 100 कुम्हार परिवारों को बिजली से चलने वाले चाक वितरित किए।

भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) देशों की विदेशी अर्थव्यवस्था और विदेश व्यापार संभालने वाले मंत्रियों की 19वीं बैठक की मेजबानी की।

रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच "सहयोगात्मक साझेदारी के लिए भारतीय रक्षा उद्योग की वैश्विक पहुंच: भारत-यूएई रक्षा सहयोग" विषय पर वेबिनार एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) की ओरेशन एंड अवाड्र्स कमेटी ने डॉ सतीश मिश्रा, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, डिवीजन ऑफ मॉलिक्यूलर पैरासिटोलॉजी एंड इम्यूनोलॉजी, सीएसआईआर-सीडीआरआई, लखनऊ को वर्ष 2020 के "डॉ तुलसी दास चुघ पुरस्कार" के लिए चुना है।

नीति आयोग, विद्युत मंत्रालय, रॉकफेलर फाउंडेशन और स्मार्ट पावर इंडिया ने आज 'इलेक्ट्रिसिटी एक्सेस इन इंडिया एंड बेंचमार्किंग डिस्ट्रिब्यूशन यूटिलिटीज' रिपोर्ट जारी की।

जापान बैंक फोर इंटरनेशनल को-ओपरेशन (जेबीआईसी) के ग्रीन या ग्लोबल एक्शन फोर रिकन्साइलिंग इकोनॉमिक ग्रोथ एंड एन्वॉयरनमेंट संरक्षण पहल के तहत अपना पहला वित्तीय सहयोग हासिल करने के लिए एनटीपीसी लिमिटेड ने जापानी सरकार के वित्तीय संस्थान के साथ विदेशी मुद्रा ऋण समझौता किया।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने पंजाब में बठिंडा के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में रेडियो डायग्नोस्टिक सेवाओं का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया।

उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड-19 से निपटने के दौरान उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए डिजिटल फार्मेट में अध्ययन के लिए डिजिटल लाइब्रेरी शुरू की है।

केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के राजबाग में सेब उत्पादकों के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना 2020 की शुरूआत की।

प्रमुख आईटी कंपनी कॉग्निजेंट ने राजेश नांबियार को अपने भारतीय परिचालन का अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक (सीएमडी) और विशेष कार्यकारी समिति का सदस्य बनाया है।

31-10-2020

राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद को कृषि उत्पादों के वैज्ञानिक विधि से संग्रहण और खाद्य सुरक्षा लेखा परीक्षण जैसे जांच कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन बोर्ड (एनएबीसीबी) और भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) से आईएसओ 17020:2012 की मान्यता मिली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जंगल सफारी के नाम से प्रसिद्ध सरदार पटेल प्राणी उद्यान का उद्घाटन किया, जिसे 182 मीटर ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास विकसित किया गया है।

भारतीय थल सेना ने साई (एसएआई) नाम से एक ''मैसेजिंग ऐप'' पेश किया, जो इसके सैनिकों को सुरक्षित 'वॉइस, टेक्स्ट और वीडियो कॉल' की सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

जम्मू-कश्मीर में तैनात सैन्य उड़ान इकाई ने वार्षिक उड़ान सुरक्षा ट्रॉफी जीती।

लखनऊ स्थित सीएसआईआर-सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट में पूर्व वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा लिखित कोरोना वायरस पर केंद्रित विश्व की पहली साइंटून (Scientoon) आधारित पुस्तक "बाय-बाय कोरोना" का लोकार्पण उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ स्थित राजभवन में किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'युद्ध, प्रदूषण के विरुद्ध' अभियान में हर दिल्लीवासी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'ग्रीन दिल्ली' नाम से एक मोबाइल ऐप लांच किया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि 26वां कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (केआईएफएफ) 8 से 15 जनवरी, 2021 तक आयोजित किया जाएगा।

आठ कोर इंडस्ट्रीज का संयुक्त सूचकांक सितंबर में 119.7 पर रहा जिसमें सितंबर 2019 की तुलना में 0.8 फीसदी (अनंतिम) की गिरावट दर्ज की गई।

मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने के कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के लिए एथेनॉल खरीद की प्रणाली को मंजूरी दे दी है।

विश्व बैंक ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी एवं वैश्विक आर्थिक मंदी के कारण भारत प्रेषित की जाने वाली धन राशि नौ फीसदी गिर कर 76 अरब अमेरिकी डॉलर हो जायेगी ।

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है।